स्वच्छता अभियान 1
एकता की दौड़ 1
कला संकाय 2
समाज विज्ञान संकाय 4
तकनीकी संकाय 6
प्रेम विद्यालय 7



दयालबाग़ एजुकेशनल इन्स्टीट्यूट (डीम्ड यूनिवर्सिटी)
दयालबाग़, आगरा (उ. प्र.)

# डी.ई.आई. समाचार

अक्टूबर–दिसम्बर 2014, तृतीय अंक

दयालबाग़ शिक्षा के सौ वर्ष

## स्वच्छता अभियान

माननीय प्रधानमंत्री द्वारा महात्मा गाँधी के जन्म दिवस दो अक्टूबर के पावन अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान की घोषणा की गई जिसके तहत डी.ई.आई में स्वच्छता अभियान का शुभारम्भ करते हुए माननीय निदेशक महोदय एवं समस्त शिक्षकगणों और छात्रों द्वारा स्वच्छता की शपथ ली गई। सभी विद्यार्थियों ने अध्यापकों के साथ इस कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया।





## एकता की दौड़

महान स्वतंत्रता सेनानी सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर आपसी सद्भावना का भाव जाग्रत करने हेतु 31.10.2014 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर एकता की दौड़ का आयोजन भी हुआ, जिसमें सभी संकायों के छात्रों एवं शिक्षकों ने भाग लिया।

# कला संकाय

## हिन्दी विभाग

डॉ. सुमन शर्मा की आगरा आकाशवाणी से प्रसार भारती के लिए 'हमारे बुजुर्ग : परिवार के शक्तिपुंज' विषय पर 16 अक्टूबर 2014 को वार्ता प्रसारित हुई।

डॉ. सुमन शर्मा ने लिंग्विस्टिक सोसायटी ऑफ इण्डिया के 36 वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 'द मॉर्फोलॉजिकल एनालिसिस ऑफ द लैंग्वेज़ ऑफ द नॉवेल्स ऑफ कमलेश्वर' विषयक शोधपत्र प्रस्तुत किया। सम्मेलन का आयोजन थिरुवनंतपुरम्, केरल यूनिवर्सिटी में दिनांक 1–4 दिसम्बर 2014 को हुआ था।

प्रोफेसर आदित्य प्रचण्डिया द्वारा सम्पादित 'डॉ. महेन्द्र सागर प्रचण्डिया समग्र' सात खण्ड हिन्दी साहित्य निकेतन बिजनौर से अक्टूबर 2014 में प्रकाशित हुए। आई.एस.बी.एन. 978–93–84033–16–3

## संस्कृत विभाग

डॉ. निशीथ गौड़ ने 16 एवं 17 नवम्बर 2014 को कृति कला संस्थान आगरा की आठवीं राष्ट्रीय कार्यशाला में 'सामगान एवं भाव विज्ञान' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. अभिमन्यु ने 28–29 नवम्बर 2014 को संस्कृत एवं प्राच्य विद्या संस्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 'गीता की वैश्विक दृष्टि' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गीता का लक्ष्य–कर्त्तव्यबोध' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

भगत सिंह आर्य शोधछात्र ने 28–29 नवम्बर 2014 को संस्कृत एवं प्राच्य विद्या संस्थान कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में 'गीता की वैश्विक दृष्टि' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में 'गीता की समसामयिक उपादेयता' विषय पर अपना शोध पत्र प्रस्तुत किया।

## चित्रकला विभाग

डॉ. नमिता त्यागी ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी के यू. जी. सी. एकेडमिक स्टाफ कॉलेज बनारस से इनवायरमेंट स्टडीज़ (इन्टरडिसिप्लेनरी) रिफ्रेशर कोर्स में 8 सितम्बर से 28 सितम्बर तक भाग लिया।

दयालबाग एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के चित्रकला विभाग में एमएसएमई –टेक्नोलोजी डेवलपमेंट सेंटर (पीपीडीसी) मिनिस्ट्री ऑफ माइक्रो, स्मॉल एण्ड मीडियम एन्टरप्राइज़ेज आगरा के साथ इण्डस्ट्री इंस्टीट्यूट पार्टनरशिप सेल, फोटोग्राफी एण्ड फोटोजर्नलिज़्म (लेटेस्ट टेक्नोलोजी) पर दो दिवसीय वर्कशॉप 5, 6 नवम्बर 2014 को आयोजित की गई।

वॉकेशनल एजुकेशन विद स्किल डवलपमेंट फॉर सस्टेंशियल इकोनॉमिक्स ग्रोथ अनुसन्धान पर बोलने के लिए, इण्टरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्ट, एजुकेशन एण्ड कान्टेम्प्रेरी स्टडीज़ (आई.सी.ए.ई.सी.एस.–2014) में

14–15 नवम्बर 2014 को डॉ. पारुल भटनागर को निमंत्रित किया गया, यह कार्यक्रम इण्टरनेशनल मल्टी डिस्पेंसरी रिसर्च फाउंडेशन, पाण्डेचेरी के द्वारा आयोजित हुआ था।

एम. ए. चित्रकला के विद्यार्थियों भावना यादव और रश्मि सिंह के द्वारा 10–12 नवम्बर 2014 को, यूथ हॉस्टल संजय प्लेस आगरा में कला प्रदर्शनी आयोजित की गई थी।

## शिक्षा के महत्त्व पर प्रतियोगिताओं का आयोजन

दयालबाग़ (डीम्ड यूनीवर्सिटी) दयालबाग़ एजुकेशनल इंस्टीट्यूट, कला संकाय के चित्रकला विभाग में महान नेता मौलाना अबुल आजाद के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय साक्षरता दिवस 11 नवम्बर 2014 को बड़े स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया–

**स्लोगन कॉम्पटीशन**–प्रथम – दीपांशी (बी.ए. ऑनर्स), द्वितीय – ममता गोरख (बी.ए. ऑनर्स), तृतीय – राधा सिंह कुशवाहा (बी.ए. ऑनर्स) शिक्षा व राष्ट्र एवं शिक्षा के सभी पक्षों की कमेटी के द्वारा कार्ड मेकिंग कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया है–प्रथम–मनीषा सत्संगी (बी.ए. ऑनर्स), द्वितीय–मोहिनी सोनी (बी.ए. ऑनर्स), तृतीय – मोनिका तोमर (बी.ए. ऑनर्स)

**पोस्टर मेंकिग कॉम्पटीशन**–प्रथम–तनुजा चाहर–(बी.ए. प्रथम सेमेस्टर), द्वितीय–निधी पाल–(बी.ए.तृतीय सेमेस्टर), तृतीय– पुष्पेश–(बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर)।

डी.ई. आई. ने नार्थ अमेरिका और केनेडा में ब्लॉक प्रिटिंग मॉड्यूलर कोर्स 15 अक्टूबर 2014 लांच किया है। डॉ. पारुल भटनागर नियमित रूप से शनिवार के इस सेशन में स्काइप और कॉफ्रेंस कॉल के द्वारा जुड़ी हुई हैं। नार्थ अमेरिका और केनेडा में ब्लॉक प्रिटिंग के अवसर के अध्ययन के केन्द्र इसप्रकार हैं–न्यूयार्क के साथ मेरीलेण्ड, सेण्टफ्रांसिस्को के साथ लॉस एंजिल्स, एरिजिनो, केलेग्रि, शिकागो, एटलाण्टा, कनाडा में टोरेण्टो।

डॉ. पारुल भटनागर एवं उनकी रिसर्च स्कॉलर राधिका सेठ के द्वारा वॉकेलीजेशन ऑफ आर्ट–ए क्रियेटिव एप्रोच टू प्रोलिफ्रेट वर्क एम्प्लॉयी एबीलिटी एण्ड सस्टेंनएबीलिटी (आगरा जिले की पृष्ठभूमि के क्षेत्र और इसके विशेष सन्दर्भ के लिए अनुसन्धान पत्र) इण्टरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन आर्ट, एजुकेशन एण्ड कॉन्टेम्प्रेरी स्टडीज (आई.सी.ए.ई.सी.एस.–2014) के द्वारा 14–15 नवम्बर 2014 को शोध पत्र प्रस्तुत किया गया। ये कार्यक्रम इण्टरनेशनल मल्टी डिस्पेंसरी रिसर्च फाउण्डेशन पांडुचेरी के द्वारा आयोजित किया गया था। (आई.एस.बी.एन. नं.–978–93–84124–21–2)

डॉ. पारुल भटनागर एवं उनकी रिसर्च स्कॉलर राधिका सेठ के द्वारा आइकॉनिक डिजाइन ऑफ आगरा के मुगल मॉन्यूमेंट एण्ड एक्सप्लोरेशन इनटू कन्टम्प्रेरी टेक्सटाइल डिजाइन प्रेक्टिस पर इण्टरनेशनल कॉन्फ्रेंस

ऑन आर्ट, एजुकेशन एण्ड कन्टेम्प्रेरी स्टडीज़ (आई. सी. ए.ई. सी. एस.–2014) के द्वारा 14–15 नवम्बर 2014 को रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया गया। ये कार्यक्रम इण्टरनेशनल मल्टी डिस्पेंसरी रिसर्च फाउण्डेशन पांडेचेरी के द्वारा आयोजित किया गया था। (आई.एस.बी.एन. नं. –978–93– 84124–21–2)

## गृह विज्ञान विभाग

बी. वॉक एपरल मेन्युफेक्चर के पाठ्यक्रम में सुधार होने हेतु एक कार्यशाला गृहविज्ञान विभाग में 15 नवम्बर 2014 को की गई। इस कार्यशाला में आई0 आई0 टी0 दिल्ली, लेडी इरविन कॉलेज – दिल्ली, होम इकनॉमिक्स इन्स्टीट्यूट दिल्ली एवं एम0 एस0 यूनिवर्सिटी बड़ोदरा से विशेषज्ञ आये व उन्होंने पाठ्यक्रम पर अपने विचार प्रस्तुत किये। ए0 टी0 डी0 सी0 (एपरल ट्रेनिंग एंड डिजाइन सेन्टर) से तथा तीन औद्योगिक इकाइयों से भी प्रतिनिधित्व किया गया। एक प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम होने के कारण सुझाव हेतु सिद्धान्तों को प्रयोगात्मक रूप में प्रस्तुत करने व पढ़ाने के अनेक सुझाव दिये गये।

# समाज विज्ञान संकाय

## समाजशास्त्र एवं राजनीति विज्ञान विभाग

डॉ लजबन्त सिंह ने जामिया मिलिया इस्लामिया नई दिल्ली में सीनियर फैकल्टी डवलपमेंण्ट प्रोग्राम में दिनांक 8 दिसम्बर से 13 दिसम्बर 2014 तक भाग लिया।

डॉ लजबन्त सिंह ने आगरा में पहल वेलफेयर सोसाइटी तथा रेडक्रास सोसाइटी आगरा के रक्तदान शिविर में दिनांक 30 नवम्बर 2014 को रक्तदान की महत्ता पर व्याख्यान दिया। डॉ. सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।

चारू मित्रा आनंद ने नेशनल सेमिनार 'ऑन सोसाइटी, स्टेट, लॉ एण्ड वी द पीपल ऑफ इण्डिया' में दिनांक 12 तथा 13 नवम्बर 2014 को विषय पर जयशंकर प्रसाद ऑडिटोरियम लखनऊ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार में 'एसेस टू जस्टिस एण्ड मारजिनेलाइज़्ड कम्यूनिटीज़' विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया।

डॉ. परिवन्द्र कुमार ने अपना शोध पत्र "लाभार्थियों पर ग्रामीण विकास कार्यक्रमों का प्रभाव : एक समाजशास्त्रीय अध्ययन" विषय पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ बनारस के समाजशास्त्रीय विभाग द्वारा 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर 2014 तक आयोजित 40 वें अखिल भारतीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया।

डॉ. परिवन्द्र कुमार ने अपना शोध पत्र "वाधित व्यवहार के छात्रों में समायोजन स्तर " विषय पर अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 24 से 26 नवम्बर तक आयोजित अखिल भारतीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया।

ईश्वर स्वरूप सहाय ने अपना शोध पत्र "सामाजिक असमानता का गरीबी से सम्बन्ध : एक समाजशास्त्रीय विश्लेषण" विषय पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ बनारस के समाजशास्त्रीय विभाग द्वारा 29 नवम्बर से 1 दिसम्बर 2014 तक आयोजित 40 वें अखिल भारतीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया।

## मनोविज्ञान विभाग

श्वेता चतुर्वेदी ने अपना शोध पत्र "संज्ञानात्मक शैली तथा मनोवैज्ञानिक उत्तम दशा : विश्वविद्यालयी स्नातक छात्रों का एक अध्ययन" विषय पर अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 24 से 26 नवम्बर तक आयोजित अखिल भारतीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया।

श्वेता चतुर्वेदी ने अपना शोध पत्र "स्नातक छात्रों की व्यवस्थित तथा अन्तःज्ञानात्मक शैली के साथ मनोवैज्ञानिक उत्तम दशा" विषय पर बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय वाराणसी के मनोविज्ञान विभाग द्वारा 19 से 20 दिसम्बर 2014 नवम्बर तक आयोजित अखिल भारतीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया।

## प्रबन्धन विभाग

डॉ सुमिता श्रीवास्तव को एमिटी कॉलेज कॉमर्स एण्ड फाइनेन्स, एमिटी यूनिवर्सिटी नोइडा द्वारा 18 से 19 दिसम्बर 2014 को आयोजित इण्टरनेशनल कॉन्फ्रेन्स ऑन इनोवेटिव एण्ड चेलेन्जेज़ इन मेनेजमेण्ट एण्ड कॉमर्स विषय पर अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में सेशन चेयर के लिए आमंत्रित किया।

## वाणिज्य संकाय

लेखांकन एवं विधि विभाग डी.ई.आई. द्वारा लेखांकन, वित्त व कर में शोध की विधि व समकालीन क्षेत्रों पर एक दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 21 दिसम्बर 2014 को हुआ।

डॉ0 अनीशा सत्संगी का शोध पत्र, द रिसर्च सीरीज़ श्रृंखला वोल्यूम इशू 12, आई.एस.एस.एन 2321–290 एक्स विषय ''ब्लैक इकोनोमीः मैग्नीट्यूड, इफैक्ट, गर्वमेन्ट मेज़र्स तथा इस्कीम'' कानपुर में दिसम्बर 2014 को प्रकाशित हुआ।

डॉ0 अनीशा संतसगी एवं डॉ0 एल0 एन0 कोली का शोधपत्र ''कोओपरेट एकाउन्टिंग इस्टेन्डर्ड डिस्क्लोजर प्रैक्टिस एवं पैटर्न ऑफ भारतीय बैंकिंग सेक्टर – ए केस इस्टडी एप्रोच ''इन्टीग्रल रिव्यू – ए जर्नल ऑफ मैनेजमैन्ट पी– आई.एस.एस.एन 0974–8032 तथा आई.एस.एस.एन : 2278–6120 लखनऊ में दिसम्बर 2014 को प्रकाशित हुआ।



डॉ0 प्रमोद कुमार आठ–नौ नवम्बर 2014 को नेशनल एग्जीक्यूटिव काउंसिल लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा पुनः सदस्य नामित हुए ।

डॉ0 भावना जौहरी को 21–22 नवम्बर 2014 को प्रमुख वक्ता के रूप में नेशनल संगोष्ठी ''चेन्जिंग टाइमः रीइन्वेस्टिंग द इंडियन ग्रोथ स्टोर के लिए डी0 एम0 एस0, स्कीप, स्वामी केशवानंद इंस्टीट्यूट, जयपुर में आमंत्रित किया गया।

डॉ0 स्वामी प्रसाद सक्सैना के दिशा निर्देशन में डी.ई.आई. दयालबाग़ में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 23–29 दिसम्बर 2014 को 6 दिवसीय शिविर का आयोजन हुआ ।

## तकनीकी संकाय

श्री मयंक अग्रवाल तथा श्री भुवनेश सिंघल ने द सोसायटी ऑफ ऑपरेशन मैनेजमेण्ट द्वारा आयोजित 18वें ऑपरेशन्स मैनेजमेण्ट डिजिटल इकोनॉमी विषयक वार्षिक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन रुड़की, दिनांक 12–15 2014 दिसम्बर में 'रोबोटिक आर्म मैनीपुलेटरर्स पाथ ऑप्टीमाइजेशन फार स्पॉट वैल्डिंग : ए केस स्टडी ऑफ एन ओटोमोबाइल इन्डस्ट्री मैन्यूफैक्चरिंग फोर व्हीलर्स' विषयक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

नवीन के. देव और रवि शंकर द्वारा लिखित शोधपत्र 'ग्रीन सप्लाइ चेन : एन आइ. एस.एम. बेस्ड रोडमैप टू बाउन्ड्रीज़ ऑफ एनवायरॉनमेण्टल सस्टेनबिलिटी' सिस्टम्स थिंकिंग अप्रोच इन सोशल प्रोब्लम्स नामक पुस्तक स्प्रिंगर पब्लिकेशन यू. एस. ए. के वॉल्यूम 327 में प्रकाशित हुआ।

श्री मयंक अग्रवाल तथा श्री भुवनेश सिंघल ने ईशान कॉलेज ऑफ इन्जीनियरिंग, फरह, मथुरा द्वारा दिनांक 10–11 नवम्बर 2014 को आयोजित स्ट्रैटिजिक पर्सपैक्टिव एण्ड एडवांसमेण्ट इन सिविल इंजीनियरिंग (स्पेस–2014) विषयक राष्ट्रीय सम्मेलन में –'एन इन्क्लूसिव रिव्यू ऑफ एफ. एस. डब्ल्यू. : द सोलिड स्टेट जोइनिंग मेन्यूफैक्चरिंग प्रोसेस' विषयक शोधपत्र प्रस्तुत किया।

### छात्र संसद

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् के निर्देशानुसार दिनाँक 17 नवम्बर 2014 को अखिल भारतीय विद्यार्थी दिवस टेक्निकल कॉलेज डी.ई.आई. दयालबाग़ में श्री मयंक अग्रवाल के सानिध्य में आयोजित किया गया। जिसमें 'शिक्षित भारत, सक्षम भारत–गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' विषय पर विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री राजीव सत्संगी व श्री धीरज कुमार द्वारा की गयी। कार्यक्रम में डिप्लोमा इन सिविल प्रथम वर्ष के छात्र रजत भारद्वाज को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ।

## एन०सी०सी०कैम्प

दिनाँक 22 नवम्बर 2014 को टेक्निकल् कॉलेज प्रांगण में 66 वाँ एन०सी०सी० दिवस आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विश्वविद्यालय गान से हुई तत्पश्चात् प्रेम विद्यालय व आर०ई०आई० इण्टर कॉलेज डी. ई.आई. दयालबाग़ के कैडेटों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन अण्डर ऑफिसर सत्गुरू सरन द्वारा किया गया। डॉ० अजय सक्सेना, डॉ0 बी०बी० रॉव प्रिंसिपल टेक्निकल् कॉलेज और मेजर प्रीतम सिंह की उपस्थिति कैडेट्स के लिये उत्साहजनक रही। एन०सी०सी० गान व राष्ट्रगीत के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई।







# प्रेम विद्यालय

दिनांक–2–10–2014 गाँधी जयंती के अवसर पर छात्राओं ने शिक्षिकाओं के साथ विद्यालयी परिसर की स्वच्छता के लिए श्रमदान किया।

22–10–2014 को प्रेम विद्यालय प्रांगण में खेलकूद दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती सरोज प्रशान्त ने पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई तथा अपने आशीर्वचनों द्वारा छात्राओं को प्रोत्साहित किया आयोजन में संस्थान के निदेशक प्रो. कालड़ा उनकी धर्म पत्नी श्रीमती उर्मिला कालड़ा एवं संस्थान के कुलसचिव प्रो. आनंद मोहन एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रूपा मोहन की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। प्रधानाचार्या, सभी शिक्षिकाएं तथा छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं का आनंद लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गुरुप्यारी सत्संगी एवं आरती सिंह ने किया।

23.10.2014 डी.ई.आई. द्वारा संचालित नैतिक मूल्य एवं गुणवत्ता दिवस आयोजन में प्रेमविद्यालय की प्रधानाचार्या एवं समस्त शिक्षिकाओं तथा छात्राओं ने भाग लिया।

31.10.2014 को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया तथा प्रातःकालीन प्रार्थना के समय सभी छात्राओं एवं शिक्षिकाओं एवं शिक्षणेतर कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता की

शपथ ली।

डी.ई.आई अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित इंग्लिश ड्रामा फेस्टिवल में प्रेम विद्यालय की छात्राओं ने अन्तर्विद्यालयी प्रतियोगिता में फ्रीकी नाइट नामक नाटक की प्रस्तुति पर बेस्ट प्रोडक्शन अवार्ड तथा मेहर परमार को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री एवं गुरुप्रिया को सर्वश्रेष्ठ सहअभिनेत्री के लिए पुरस्कृत किया गया।

12 नवम्बर 2014 को साइन्स, मैथ्स, साइबर ओलम्पियाड क्वीज़ (कक्षा 6 से 12 तक) सम्पन्न करायी गयी।

14 नवम्बर 2014 विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर पूज्य हुजूर प्रो. पी. एस. सत्संगी साहब की भव्य उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुति की एवं निदेशक महोदय ने पुरस्कार वितरण कर छात्राओं का उत्साहवर्द्धन किया।

18 नवम्बर 2014 विज्ञान प्रदर्शनी में (कक्षा 6 से 12 तक) छात्राओं ने प्रयोगात्मक एवं अन्वेषणात्मक मॉडल एवं चार्टस् प्रस्तुत कर सक्रिय प्रतिभागिता प्रस्तुत की। एन.सी.सी. प्रशिक्षिका लेफ्टिनेंट सुरतप्यारी ने आई. जी. सी कैम्प (लखनऊ) में भाग लिया।






## सम्पादकीय मण्डल

संरक्षक : प्रो. पी.के. कालड़ा

सम्पादक : प्रो. आदित्य प्रचण्डिया

उपसम्पादक : डॉ. स्वामी प्यारी कौड़ा
डॉ. नमस्या

समाचार संयोजक : डॉ. अशोक यादव
डॉ. अभिमन्यु
डॉ. अनीशा सत्संगी
डॉ. राजीव रंजन
डॉ. वीरपाल सिंह ठेनुआ
डॉ. क्षमा पाण्डेय
श्री मयंक कुमार अग्रवाल